


# 36 दिनों में 400 बच्चों ने 14 विधाओं में दिखाया हुनर

- जज़्बा सोशल फाउंडेशन के निशुल्क समर कैंप का रंगारंग समापन
- वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल बोले- ईमानदारी और मेहनत से ही मिलती है सफलता




**उज्जैन।** जज़्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा स्थानीय जामिया इस्लामिया स्कूल सब्जी मंडी में आयोजित 36 दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप का रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाई जा सकती है, बशर्ते हम अपना शत-प्रतिशत ईमानदारी से दें और अपनी पूर्ण क्षमता के साथ समय का सदुपयोग करें।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित न्यूज़ 18 के स्टेट हेड और प्रसिद्ध शायर डॉ. मेहताब आलम ने कहा कि जज़्बा के कार्य ज़मीनी स्तर के हैं। संस्था को अपनी शाखाएं पूरे मध्य प्रदेश में प्रारंभ करनी चाहिए, जिससे अन्य जिलों के लोग भी सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित हों। अध्यक्षता कर रहे परवेज़ इक़बाल ने कहा कि 14 विधाओं में 400 बच्चों को 36 दिन तक लगातार सिखाना अपने आप में एक कमाल है।

स्वागत भाषण देते हुए इंजीनियर सरफराज कुरैशी ने समर कैंप की जानकारी दी। बिना किसी छुट्टी के लगातार 36 दिनों तक 400 से अधिक बच्चों को पारंगत किया गया।

**लगाई गई हस्तकला और व्यंजनों की प्रदर्शनी :** कैंप में उर्मिला बद्यगड़िया के मार्गदर्शन में आयोजित कुकिंग शो में सीखी गई विभिन्न खाद्य वस्तुओं के स्टॉल छात्राओं ने लगाए। शाइस्ता परवीन के मार्गदर्शन में पब्लिक स्पीकिंग, शाहिना के निर्देशन में मेहंदी, विभा मीणा के मार्गदर्शन में ड्राइंग और आमिर कुरैशी के निर्देशन में आर्ट एंड क्राफ्ट की सीखी और बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। महजबीन ने ब्यूटी टिप्स दिए। अतिथियों ने सभी प्रदर्शनियों का निरीक्षण कर बच्चों के हुनर को सराहा और उन्हें प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए।

संचालन नईम खान और समीर उल हक ने किया। कार्यक्रम को दिल्ली से आए अतुल नागर, कोहराम एक्सप्रेस के संपादक कासिम बरकाती, एडवोकेट ज़ाहिद नूर खान, खामोश दस्तक के संपादक शादाब लाला, फ्रेंच व स्पेनिश भाषा के शिक्षक परवेज़ खान और संस्था प्रमुख फैज़ मोहम्मद ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जमीर उल हक, फरीद कुरैशी, मिर्ज़ा जावेद बेग व ऐजाज़ शम्स सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आयोजन को सफल बनाने में जज़्बा के सदस्य हारून नागौरी, वसीम अब्बास, भुरू शेख, सादिक खान, पत्रकार आरिफ खान सहित अन्य सदस्यों की महती भूमिका रही। अंत में आभार अतहर आलम अंसारी ने माना। कार्यक्रम की सभी लोगों ने काफी सराहना की।



# रलायती में सामुदायिक भवन टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन

**घट्टिया।** विधायक डॉ. सतीश मालवीय ने ग्राम पंचायत कालू खेड़ी के गांव रलायती में अजा बस्ती में सामुदायिक भवन टीन शेड निर्माण कार्य के लिए 24 लाख की राशि स्वीकृत की थी।

उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को मण्डल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा, जनपद उपाध्यक्ष डॉ.भगवान सिंह पंवार, हरिसिंह सलामता, जनपद सदस्य प्रकाश चौधरी, जनपद सदस्य मंगल सिंह, सरपंच मुकेश परमार आदि ने किया। उक्त सामुदायिक भवन निर्माण होने से ग्रामीणों को मांगलिक कार्यों सहित अन्य आयोजनों मे सुविधा होगी।

## एक नजर में

### पहले डाक टिकिट पैनी ब्लैक पर हुई चर्चा



**इंदौर.** इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यूमिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा में विश्व के पहले डाक टिकिट पैनी ब्लैक का प्रदर्शन किया गया और महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के 1966 के सिक्के के बारे में भी दिलचस्प चर्चा की गई। सभा में मुख्य अतिथि प्रसिद्द डाक टिकिट संग्राहक लायन सुधीर जैन का सम्मान कर उन्हें इंदौर फिलेटेलिक ज्ञान रत्न सम्मान दिया गया. कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने बताया कि रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफ़ी हाउस पर आयोजित इस सभा में मुख्य संरक्षक एवं मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य ने सुधीर जैन की उपलब्धियां बताते हुए उनका सम्मान किया. सम्मानपत्र का वाचन शिवम चतुर्वेदी ने किया. अध्यक्ष रवीन्द्रनारायण पहलवान ने एलिजाबेथ द्वितीय के 1966 में जारी सिक्के के बारे में जानकारियां दी जबकि लक्ष्मीकांत जैन ने विश्व के पहले डाक टिकिट पैनी ब्लैक का प्रदर्शन किया. आर्यन रामचंदानी ने विशेष आवरण के संकलन का प्रदर्शन किया. सदस्यों को सुधीर जैन, मुकेश पाटीदार, सुरेन्द्र मेहता द्वारा उपहार भेंट किए गए. इस अवसर पर आईपीएस जैनिज्म थिमेटिक ग्रुप का गठन कर जयंत डोसी को चेयरमैन, आईपीएस रोटरी थिमेटिक ग्रुप का गठन कर आलोक खादीवाला को तथा आईपीएस हिन्दू माइथोलॉजी थिमेटिक ग्रुप में डॉ. मुकेश पाटीदार को चेयरमैन बनाया गया। नील-मनीषा जैन को बधाइयाँ दी गईं। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने किया.

### साधु-संतों की सुरक्षा के लिए जैन समाज आज निकालेगा रैली




**इंदौर.** आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित आर्यिका उपशम मति माताजी एवं आर्यिका श्रुत मति माताजी की दुर्घटना में असामयिक समाधि मरण से संपूर्ण भारत वर्ष का जैन समाज अत्यंत दुखी एवं आक्रोशित है. इसके विरोध स्वरूप एवं साधु संतो की सुरक्षा हेतु समग्र जैन समाज देशभर में शहर के मुख्य चौराहों से रैली निकाल कर कलेक्टर कार्यालय तक जाएगा व कलेक्टर महोदय को जवाबदार लोगों के नाम का ज्ञापन देगा. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दुर्घटना का वीडियो देखने के बाद हम इसे घटना नहीं मान सकते, ये कुछ संगठनों की सोची समझी रणनीति के तहत किया गया कार्य ह. साधु संत देश की धरोहर है, उनकी सुरक्षा करना हमारा व शासन का प्रथम कर्तव्य है. हम चाहते हैं अहिंसा के पथिक सुरक्षित हो. विनय बाकलीवाल एवं सतीश जैन ने बताया कि इंदौर में भी सकल जैन समाजजन 25 मई को प्रात: 8 बजे राजबाड़ा पर एकत्रित होंगे. पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में व महिलाएं केसरिया साड़ी में, हाथों में संदेश की तख्ती लेकर कलेक्टर कार्यालय तक जाएंगी और कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के पदाधिकारी देवेंद्र सोगानी, डी के जैन, जेनेश झांझरी, पिंकेश टोंग्या, सुरेंद्र बाकलीवाल, सुदीप जैन, महावीर जैन, अनामिका बाकलीवाल, वीरेंद्र बड़जात्या, आदि अन्य पदाधिकारियों ने समग्र जैन समाज से अपील की है कि वे आवश्यक रूप से कल इसमें सम्मिलित होकर एकता का परिचय दें.

### कृष्ण-सुदामा जैसी सच्ची मित्रता कहीं नहीं



**इंदौर.** कृष्ण-सुदामा जैसी मित्रता कहीं नहीं है, उनकी जैसी मित्रता हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए. संसार में हर मनुष्य को कर्तव्य करते रहना चाहिए, जिस व्यक्ति के जीवन में परमात्मा का आगमन हो जाता है उसका जीवन सफल हो जाता है. भगवान के दर्शन करने मात्र से ही मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है. दिव्य संदेशों को जीवन में अवश्य धारण करना चाहिए. यह बातें अधिक मास के पावन अवसर पर पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में आयोजित आचार्य बालकृष्ण शास्त्री ने सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिन कही. मंजुला शर्मा, ऋतु तिवारी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में सातवें दिन श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर श्री कृष्ण सुदामा चरित्र हुआ महिलाओ ने भजनों पर नृत्य किया, सभी भक्त झूम उठे, कथा सुनने बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे. 7 दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ. महिलाओ ने भजनों पर नृत्य किया, सभी भक्त झूम उठे, कथा सुनने बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। भजनों पर महिलाएं झूम उठी. राधे राधे के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

# हमें खुशहाल बनना है तो परमात्मा से जुड़ना जरूरी

**इंदौर. भागवत ऐसा कालजयी ग्रन्थ है जो हमारे परिवारों में प्रेम, सदभाव और आपसी विश्वास को बढ़ा सकता है. विडम्बना है कि आजकल हमारे परिवारों में प्रेम और सदभाव में निरंतर कमी आ रही है. हमारी नई पौध धर्म और संस्कृति के साथ धर्म ग्रन्थों से भी दूर होती जा रही है. यदि वास्तव में हमें शक्तिशाली और खुशहाल बनना है तो परमात्मा से जुड़ना जरुरी है. भागवत कथा स्वार्थी के लिए नहीं, परमार्थी के लिए ही है.**

पुरुषोत्तम मास के पावन प्रसंग पर श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज ने मनोरमागंज स्थित गीता भवन के सत्संग सभागृह में रविवार से प्रारम्भ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव में भागवत की महत्ता बताते हुए शुभारंभ सत्र में उक्त आशीर्वचन व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में भागवतजी एवं विद्वान वक्ता की शोभायात्रा भी निकाली गई. आयोजन समिति के प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल एवं बिनोद-सुनीता अग्रवाल के साथ वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, राजेश चेलावत, अवनि अनंत अग्रवाल, राम ऐरन, रामविलास राठी, श्याम अग्रवाल, रश्मि जैन, निरंजन गुप्ता, गोविन्द मंगल, गोपाल मंगल, राजेश गर्ग एवं शिव जिंदल ने नंगे पैर भागवतजी को मस्तक पर धारण कर व्यास पीठ तक पहुँचाया, संयोजक संजय मंगल एवं बिनोद अग्रवाल ने बताया कि गीता भवन में मंगल परिवार की मेजबानी में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में यह दिव्य आयोजन 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक चलेगा. कथा में इस बार सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा.

# मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना में 22 सड़कों को मंजूरी

- नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी विधायक डॉ. चौहान की बड़ी सौगात

**खाचरौद। विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल की अनुशंसा से मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना अंतर्गत 22 सड़कों की स्वीकृति मिली है। इन सड़कों की अनुमानित लागत लगभग 22 करोड़ रुपये बताई गई है। सड़क स्वीकृत होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा इन मार्गों के निर्माण की मांग की जा रही थी। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों एवं नई आबादियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।**

नागदा खाचरौद क्षेत्र में स्वीकृत सड़कें में अजीमाबाद पारदी से अमलावदिया जूनार्दा, कुम्हारवाड़ी से सरवना खाचरौद, कुम्हारवाड़ी से




सिपाहेड़ा, उचाहेड़ा से उचाहेड़ा नई आबादी, नंदियासी मार्ग से ब्राह्मणखेड़ी कला, नीनावट खेड़ा रोड से नई आबादी, नापाखेड़ी रोड से पाडल्या खुर्द नई आबादी, पाड़सूतिया से पाड़सूतिया नई आबादी, उमरनी से उमरनी नई आबादी, लुसड़ावन से चक नारायणगढ़, उमरनी रोड से टीटी नगर, अमलावदिया से अमलावदिया नई आबादी, बरखेड़ा से पानखेड़ी, उमरनी से उमरना, भाटखेड़ी से नई आबादी, मालाखेड़ी से टुमनी, बड़ागांव से संडावदा नई आबादी, बड़ागांव से नई आबादी, चापानेर से चापानेर नई आबादी, घुड़ावन रोड से घुड़ावन नई आबादी, बरथुन रोड से बरथुन नई आबादी, संडावदा रोड से संडावदा नई आबादी की स्वीकृति मिली है।

विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा तथा इसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने सड़क स्वीकृत होने पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लालसिंह राणावत, राजेश धाकड़, सुल्तान सिंह शेखावत, जयदीपसिंह सोनगरा, धर्मेंद्र पाटीदार, गोरधन परिहार, लालसिंह बंजारी, रामलाल धाकड़, मांगीलाल पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य गजेंद्र सिंह केसरिया सहित जनपद सदस्य, सरपंचगण एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# राजमोहल्ला में युवती से मिलने पहुंचे नगर सैनिक की पिटाई

- रहवासियों ने लगाए चोरी-छेड़छाड़ के आरोप
- सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर. राजमोहल्ला क्षेत्र में एक युवती से मिलने पहुंचे होमगार्ड के नगर सैनिक को रहवासियों ने पकड़कर जमकर पीट दिया. इस दौरान उस पर चोरी और छेड़छाड़ के आरोप भी लगाए गए. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नगर सैनिक को थाने लाकर मामले की जांच शुरू की गई है.**

रविवार शाम करीब 4.30 बजे की घटना बताई जा रही है. छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार द्वारकापुरी निवासी नगर सैनिक प्रशांत श्रीवास एच कॉलोनी में एक युवती से मिलने पहुंचा था. इसी दौरान इलाके के लोगों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट कर दी. हंगामे के बीच उस पर घर में घुसकर चोरी और युवती से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए गए. सूचना मिलने पर मल्हारगंज थाना की एफआरवी मौके पर पहुंची और नगर सैनिक को अपने साथ छत्रीपुरा थाने ले आई. मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई.



**सैनिक बोला... मंगेतर से मारपीट करने वाले युवक की तलाश में गया था**

प्रारंभिक पूछताछ में नगर सैनिक ने बताया कि उसकी मंगेतर के साथ राजमोहल्ला निवासी एक युवक ने मारपीट की थी. वह उसी युवक को तलाशने के लिए यहां आया था. युवक के घर पहुंचने पर वहां मौजूद लोगों और आसपास के रहवासियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी. बचने के दौरान वह भागा और एक नाले में गिर गया. थाना प्रभारी ने बताया कि युवती भी द्वारकापुरी क्षेत्र की रहने वाली है. मामले में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत

**इंदौर. बड़गोंदा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए.**

घटना एबी रोड फोरलेन स्थित शक्ति कोल्ड स्टोर के पास की है. शनिवार देर रात एक अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को साइड से टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही कार का संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी लेन में जाकर एक पिकअप से टकरा गई. हादसे में कार चला रहे कृष्णपाल सिंह तोमर को सीने सहित शरीर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं शोभना, भावना और मिथलेश को हाथ, पैर, कमर और पेट में चोटें आई हैं. पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### मशीन में फंसा नाबालिग का हाथ, कोहनी के नीचे से कटा

इंदौर. बेटमा थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम के दौरान बड़ा हादसा हो गया. टोस्ट बनाने की मशीन में हाथ फंसने से नाबालिग का हाथ कोहनी के नीचे से कट गया. घटना शनिवार 16 मई को ग्राम कालासुरा पहाड़ी स्थित सुफा बेकरी कंपनी की है. 16 वर्षीय चेतन नागोरे काम कर रहा था, तभी उसका हाथ मशीन में फंस गया. मशीन का घूमता हिस्सा चलता रहा, जिससे उसका हाथ कोहनी के नीचे से कटकर अलग हो गया. घायल को तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है. मामले में पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**एक नजर** तेज बारिश और आंधी से पहले जीर्ण भवनों पर कार्रवाई जरूरी, शहरवासियों ने जताई चिंता

# जर्जर मोहता मार्केट बना मौत का खतरा, प्रशासन की अनदेखी से मंडरा रहा हादसे का डर

**नागदा।** नगर के सर्वाधिक व्यस्ततम एवं संवेदनशील क्षेत्र महात्मा गांधी मार्ग स्थित रेलवे स्टेशन के समीप बना लगभग 70 वर्ष पुराना मोहता मार्केट आज शहर के लिए संभावित मौत का कुआं बन चुका है। करीब 3000 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित यह दो मंजिला भवन वर्तमान में अत्यंत जर्जर, क्षतिग्रस्त एवं खतरनाक अवस्था में पहुंच चुका है। भवन की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि लगभग 14 वर्ष पूर्व नगर पालिका द्वारा इसकी तीसरी मंजिल के निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया था, जो आज तक अधूरा पड़ा हुआ है। इसके बावजूद भवन में व्यवसायिक गतिविधियां लगातार संचालित हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार उक्त भवन का निर्माण स्वर्गीय सूरजमल कन्हैयालाल मोहता द्वारा लगभग सात दशक पूर्व कराया गया था। पारंपरिक गार्डर, फर्शी एवं चूने से निर्मित यह भवन समय के साथ पूरी तरह कमजोर हो चुका है। भवन की दीवारों, छतों एवं फर्श में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। कई स्थानों पर गार्डर लगभग 2 इंच तक झुक चुके हैं तथा छत और दीवारों के बीच दूरी साफ दिखाई दे रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति सामने की गैलरी की बताई जा रही है, जो खतरनाक रूप से बाहर की ओर झुक चुकी है। क्षेत्रवासियों के अनुसार भवन की एक गैलरी पूर्व में भरभराकर गिर भी चुकी है, जिससे हादसे की आशंका और अधिक बढ़ गई है। भवन में यात्रियों के लिए लाज का संचालन किया जा रहा था जिसे दुर्घटना के डर से रोका गया है।





भवन के नीचे दुकानों का संचालन जारी है, जबकि ऊपरी मंजिल पर लॉज एवं अन्य गतिविधियां संचालित होती रही हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहक, व्यापारी एवं राहगीरों की आवाजाही यहां बनी रहती है। आसपास धर्मशालाएं एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान होने के कारण विवाह समारोह, त्योहार एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान क्षेत्र में भारी भीड़ एकत्रित होती है। ऐसे में भवन का कोई हिस्सा गिरने पर बड़ी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता। सबसे गंभीर स्थिति भवन के नीचे बने तलघर की बताई जा रही है, जहां हर वर्ष लंबे समय तक बारिश का पानी भरा रहता है। लगातार जलभराव एवं रिसाव के कारण भवन की नींव कमजोर हो चुकी है और दीवारें धंसने लगी हैं। दीमक, चूहों एवं वर्षों से रखरखाव के अभाव ने भवन को अंदर से पूरी तरह खोखला बना दिया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि तेज हवा, भारी बारिश या कंपन के दौरान भवन का कोई भी हिस्सा कभी भी गिर सकता है।

भवन संचालक वल्लभ मोहता ने बताया कि वे वर्ष 2019 से लगातार नगर पालिका परिषद नागदा, अनुविभागीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों को लिखित आवेदन देकर भवन को जमींदोज करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ भी हुई थी, लेकिन कुछ किरायेदारों के विरोध एवं प्रशासनिक ढिलाई के चलते मामला अधूरा रह गया। आरोप है कि कई किरायेदार वर्षों से बिना किराया दिए दुकानें संचालित कर रहे हैं तथा भवन खाली करने को तैयार नहीं हैं।

नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा भवन को खतरनाक घोषित करते हुए स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई कठोर एवं निर्णायक कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं जागा तो भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की होगी।

गौरतलब है कि पूर्व में भी नागदा के व्यस्ततम जवाहर मार्ग स्थित एक दो मंजिला भवन गिरने से उसमें कार्यरत दो लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं हाल ही में विकास कार्यों के दौरान उज्जैन ढाबा रोड स्थित एक कमजोर तीन मंजिला भवन को भी जमींदोज किए जाने की खबर सामने आई थी। इसके बावजूद शहर के अन्य जर्जर एवं खतरनाक भवनों की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

क्षेत्रवासियों एवं सामाजिकजनों ने नगर पालिका, पुलिस प्रशासन एवं अनुविभागीय अधिकारियों से मांग की है कि आगामी वर्षा ऋतु एवं तेज हवा-आंधी को देखते हुए मोहता मार्केट सहित नगर के अन्य जर्जर भवनों की तत्काल तकनीकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

लोगों का कहना है कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते विशेष अभियान चलाकर खतरनाक भवनों को चिन्हित कर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी त्रासदी को रोका जा सके।